तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, रविवार 25 जनवरी 2026

13 उलनार से उठा ग्रामीण अधिकारों की रक्षा का संकल्प : लखेश्वर



14 नवपदस्थ कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा अपने कार्य में करें बेहतर प्रदर्शन





# बस्तर जिले को 3 नई बसों की सेवा और मिली, आसान हुई दुर्गम पथ पर यात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुदूर वनांचल क्षेत्रों में दशकों से आवागमन की चुनौतियों से जूझ रहे ग्रामीणों के लिए शनिवार का दिन उम्मीदों की नई किरण लेकर आया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के तहत प्रदेश भर में 12 नए रूटों पर बस सेवा का शुभारंभ किया, जिनमें तीन बस सेवा बस्तर जिले में संचालित हो रही हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसके साथ ही प्रदेश के दुर्गम और वनांचल इलाके अब परिवहन सुविधाओं और विकास की मुख्यधारा से सीधे जुड़ गए हैं। इस अवसर पर रायपुर में मुख्यमंत्री सहित परिवहन मंत्री केदार कश्यप एवं अन्य जनप्रतिनिधी और अधिकारी उपस्थित थे। वहीं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जगदलपुर से जुड़े छत्तीसगढ़ बेवरेजेस कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास मद्दी, महापौर संजय पांडे, नगर निगम सभापति खेमसिंह देवांगन एवं क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित अपर कलेक्टर सीपी बघेल और क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे भी शामिल रहे। लोहण्डीगुड़ा से बारसूर के बीच शुरू हुई 60 किलोमीटर लंबी बस सेवा है, जो ऐतिहासिक नगरी बारसूर और जिला मुख्यालय जगदलपुर के बीच एक सेतु का काम करेगी। यह बस सुबह 7:50 बजे बारसूर से निकलकर सातधार और बिंता होते हुए 11 बजे चित्रकोट जलप्रपात और दोपहर तक जगदलपुर पहुंचेगी।

## मुख्यमंत्री ने ग्रामीण बस सेवा योजना में नई बस सेवाओं को दिखाई हरी झंडी




### ग्रामीणों के लिए जीवन रेखा

जिससे पर्यटकों के साथ ही स्थानीय नागरिकों को समान रूप से लाभ होगा। वहीं वनांचल के ग्रामीणों की पीड़ा को समझते हुए लोहण्डीगुड़ा-एरमुर मार्ग पर शुरू की गई बस सेवा को ग्रामीणों के लिए जीवन रेखा माना जा रहा है। एरमुर से सुबह साढ़े 7 बजे अपनी यात्रा शुरू करने वाली यह बस हराकोंडेर, कुधूर और रतेंगा जैसे अंदरूनी गांवों को पार करते हुए सुबह 11 बजे जगदलपुर पहुंचेगी। जिससे घंटों का सफर अब सुरक्षित और समयबद्ध हो जाएगा। इसके अतिरिक्त रायकोट से जगदलपुर के बीच 39 किलोमीटर लंबे मार्ग पर बस सेवा को मंजूरी मिलने से कुरूषपाल और पोटानार जैसे गांवों के लिए तरक्की के नए रास्ते खुल गए हैं। यह सेवा सुबह के समय संचालित होगी जिससे स्कूल, कॉलेज और दफ्तर जाने वाले लोग ठीक समय पर अपनी मंजिल तक पहुंच सकेंगे।

## खबर संक्षेप

### नौका दौड़ में सात साल के थलेस ने दिखाएगा जौहर



**जगदलपुर।** दलपत सागर में आयोजित होने वाले दलपत दीपोत्सव के अवसर पर 7 वर्ष की उम्र में कयाकिंग एंड कैनोइंग (नौका दौड़) में प्रशिक्षणरत नन्हा खिलाड़ी थलेश अपनी दक्षता के दम पर प्रदर्शन करेगा। कल 25 जनवरी को शाम 5 बजे, दलपत दीपोत्सव के मंच से वह 200 मीटर कयाकिंग स्पर्धा में रिकॉर्ड बनाने का प्रयास करेगा। प्रतियोगिता में पुरुष सीनियर एवं जूनियर वर्ग के साथ महिला सीनियर एवं जूनियर वर्ग की नौका दौड़ भी शामिल होगी।

### वुमेंस अंडर 15 व 19 का ट्रायल किरन्दुल में 27 को

**जगदलपुर।** छ.ग. किकेट संघ के निर्देशानुसार वुमेंस अण्डर 15 व 19 का ट्रायल किरन्दुल के स्टेडियम में 27 जनवरी को होगा। इसमें दंतेवाडा, बीजापुर तथा सुकमा जिले के वुमेंस खिलाड़ी भाग ले सकेंगे । अण्डर 15 वुमेंस खिलाडियों के लिये 1 सितम्बर 2011 से 31 अगस्त 2014 के बीच जन्मी खिलाडी पात्र होगें । जबकि अण्डर 19 वर्ग में 1 सितम्बर 2007 के बाद जन्मी खिलाडी पात्र होंगे। ट्रायल में खिलाड़ी अपने साथ जन्म प्रमाण पत्र अंकसूची, आधार कार्ड एवं क्रिकेट कीट व वेशभूषा में आयेंगे।

### आज कुम्हरावण्ड में जुटेंगे युवा मतदाता

**जगदलपुर।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस उत्साह और गरिमा के साथ 25 जनवरी को मनाया जाएगा। लोकतंत्र के इस महापर्व को लेकर निर्वाचन आयोग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। आयोग ने मेरा भारत, मेरा वोट की थीम निर्धारित की है, जिसकी टैगलाइन इंडियन सिटीजन एट हार्ट ऑफ इंडियन डेमोक्रेसी रखी गई है, जो भारतीय लोकतंत्र में आम नागरिक की अहमियत को रेखांकित करती है। मुख्य समारोह कृषि महाविद्यालय कुम्हरावण्ड के आडिटोरियम में दोपहर 2 बजे आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में कमिश्नर डोमन सिंह मुख्य अतिथि रहेंगे। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवा मतदाताओं को न केवल निर्वाचन प्रक्रिया से अवगत कराना है, बल्कि उन्हें देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था का एक जागरूक और सक्रिय हिस्सा बनाना भी है।

### एक और पत्नी लाने के नाम पर पत्नी को घर से निकालना पड़ा महंगा

# बेटे व भतीजे के साथ मिलकर दूसरी पत्नी ने पति को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर जिले के नैमेड़ थाना क्षेत्र के मूसालूर जंगल में मिले शव मामले का खुलासा हो गया है। पुलिस ने मामले में दो पुरूष व एक महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी मृतक की पत्नी व बेटा व भतीजा लगते है जो दूसरी पत्नी को घर से निकालने से नाराज थे और इसी के चलते उसकी जंगल में ले जाकर हत्या कर दिए थे।

- फरार आरोपी तेलगांना से गिरफ्तार, भेजा गया जेल

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी बीजापुर डॉ जितेन्द्र यादव, एएसपी चंद्रकांत गवर्ना व एसडीओपी कुटरू बृजकिशोर यादव के मार्गदर्शन में अज्ञात आरोपी की पतासाजी की जा रही थी। मामले में नैमेड़ पुलिस एवं साइबर सेल बीजापुर द्वारा मृतक के मोबाइल कॉल डिटेल्स तथा घटनास्थल के टावर डंप रिकॉर्ड का विश्लेषण किया गया जिसके बाद आरोपियों का पता लग सका।



गौरतलब है कि नैमेड़ पुलिस को 28 नवम्बर 2025 मूसालूर जंगल में एक अज्ञात पुरुष का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी जिस पर थाना नैमेड़ में मर्ग कायम कर पंचनामा एवं जांच की जा रही थी।

जांच के दौरान मृतक की पहचान बदरू उरसा, निवासी नैमेड़ के रूप में हुई। शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में मृतक की मृत्यु ठोस वस्तु से सिर एवं चेहरे पर चोट लगने से होना पाया गया। उक्त तथ्यों के आधार पर थाना नैमेड़ में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 103(1), 238 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था।

तकनीकी जांच में घटना दिवस पर मृतक की दूसरी पत्नी माहरी मज्जी, मृतक का सौतेला बेटा शंकर मज्जी एवं अन्य संदेही रमेश मज्जी के मोबाइल फोन की लोकेशन घटनास्थल के आसपास सक्रिय पाई गई। साथ ही तीनों आरोपियों द्वारा आपस में लगातार संपर्क में रहने की पुष्टि हुई। घटना की रिपोर्ट के पश्चात शंकर मज्जी एवं रमेश मज्जी के तेलंगाना राज्य फरार होने की जानकारी प्राप्त हुई थी। इसके बाद थाना नैमेड़ से निरीक्षक हरिनाथ रावत के नेतृत्व में पुलिस टीम तेलंगाना राज्य के जमीकुंटा एवं चेरूकुरू स्थानों से संदिग्धों रमेश मज्जी एवं शंकर मज्जी को हिरासत में लिया गया। थाना लाकर कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा अपराध घटित करना स्वीकार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि मृतक बदरू उरसा द्वारा रिश्ते में चाची एवं मां लगने वाली माहरी मज्जी को 6-7 वर्षों तक पत्नी बनाकर रखने के पश्चात दूसरी महिला लाने के नाम पर घर से निकाल दिया गया था। इसी से नाराज होकर माहरी मज्जी, शंकर मज्जी एवं रमेश मज्जी ने मृतक की हत्या का षड्यंत्र रचा। मौका पाकर मूसालूर जंगल में रमेश मज्जी एवं शंकर मज्जी द्वारा लकड़ी के डंडे से मृतक के सिर एवं चेहरे पर प्राणघातक चोट पहुंचाकर हत्या की गई तथा शव को जंगल की झाड़ियों में फेंक दिया गया था।

गिरफ्तार सभी आरोपियों को 23 जनवरी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय बीजापुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

## बम्हनी में बसंत पंचमी के दिन 17 किसानों ने बेचा हजार क्विंटल धान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सरकारी धान की खरीदी के समाप्त होने में कुछ ही दिन बचे हैं इसलिए किसान टोकन कटाकर धान बेचने सोसायटी में पहुंच रहे हैं। बसंत पंचमी के दिन शुक्रवार को बम्हनी सोसायटी में 17 किसानों ने लगभग 1 हजार क्विंटल धान बेचा।

- 23 लाख की खरीदी पर वसूले गए 7 लाख का कर्ज

हरिभूमि ने सोसायटी पहुंचकर खरीदी व्यवस्था का जायजा लिया। जहां पूरे परिसर में धान की उंची थप्पियां लगी हुई है।

लैम्पस प्रबंधक राजुराम कश्यप ने बताया कि कुल खरीदी 34481 क्विंटल में 24101 क्विंटल परिसर में जाम है। मिलर्स और संग्रहण केंद्र के लिए 9240 और 1140 क्विंटल धान का उठाव हुआ है। उन्होंने बताया कि 8 करोड़ 17 लाख की कुल खरीदी में 3 करोड़ 22 लाख कर्ज वसूला गया है जो किसानों ने फसल पैदावार के लिए नगद और खाद बीज के लिए लिया था। वहीं 4 करोड़ 78 लाख का भुगतान किसानों को किया गया है। अभी केवल 15 लाख का भुगतान बाकि है। इसमें 651 किसान लाभान्वित हुए हैं।

### बिना ब्याज के कर्ज से किसान खुश

हरिभूमि ने बम्हनी लैम्पस में धान बेचने पहुंचे कुछ किसानों से चर्चा की। जिस पर उन्होंने बताया कि बिना ब्याज के कर्ज खेती किसानी से पहले मिलने पर बड़ी राहत हुई है। कुछ साल पहले किसान ब्याज देते देते कर्जदार हो जाता था। अब धान बेचकर कर्ज चुकता हो जाता है।

## पेंशन-वेतन के अटके मामलों के त्वरित निराकरण के लिए 29 व 30 को शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले में लंबे समय से अटके पेंशन और वेतन निर्धारण के मामलों के निपटारे के लिए प्रशासन ने पहल की है। वरिष्ठ जिला कोषालय अधिकारी अनिल पाठक ने बताया कि संभागीय कोष, लेखा एवं पेंशन के संयुक्त संचालक के निर्देशानुसार 29 और 30 जनवरी को विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य जिले में लंबित पेंशन प्रकरणों और वेतन निर्धारण की आपत्तियों का शत-प्रतिशत निराकरण करना है, ताकि सेवानिवृत्त कर्मचारियों और उनके परिजनों को अनावश्यक परेशानियों से बचाया जा सके।

प्रातः 10 बजे से कार्यालयीन समय तक चलेगा। जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों से कहा गया है कि वे अपने कार्यालय के स्थापना और पेंशन शाखा के प्रभारी कर्मचारियों को समस्त आवश्यक दस्तावेजों और अभिलेखों के साथ इस शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थिति सुनिश्चित करें। ताकि दस्तावेजों की कमी या लिपिकीय त्रुटियों के कारण जो फाइलें लंबित हैं, उन्हें आमने-सामने बैठकर तत्काल सुलझा लिया जाए। लंबित मामलों की समीक्षा करने पर यह बात सामने आई है कि अधिकांश प्रकरण छोटी-छोटी तकनीकी खामियों और दस्तावेजों के अभाव में रुके हुए हैं। कई मामलों में कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका, पेंशन प्रकरण और आधार कार्ड में नाम या जन्मतिथि में भिन्नता पाई गई है, जिसके कारण सत्यापन नहीं हो पा रहा है। इसके अलावा, दिवंगत कर्मचारियों के मामलों में मृत्यु प्रमाण पत्र का संलग्न न होना, वारिसों के नॉमिनेशन में त्रुटि या परिवार के सदस्यों के उंगलियों के निशान और पहचान चिन्ह का स्पष्ट न होना भी देरी का बड़ा कारण बना हुआ है। कुछ प्रकरणों में पदोन्नति के बाद वेतन निर्धारण की जांच और अधिक भुगतान की वसूली जैसी वित्तीय आपत्तियां भी पाई गई हैं, जिनका निराकरण इस शिविर में प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। संबंधित विभाग अपने स्तर पर पहले ही आपत्तियों का परीक्षण कर लें और पूरी तैयारी के साथ शिविर में आएं।

### बस्तर के कारीगर गोदावरी और रंजना दिल्ली पहुंचीं



**जगदलपुर।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार ने गणतंत्र दिवस समारोह नई दिल्ली में विशेष अतिथि के रूप में बस्तर के कारीगरों को आमंत्रित किया है। आयोग से पत्र बस्तर जिला खादी ग्रामोद्योग संघ जगदलपुर को मिला है। संचालक बद्रीप्रसाद बाम्बी ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि संस्था के 2 कारीगर गोदावरी सूर्यवंशी और रंजना सोनटके को स्पाउस के साथ नई दिल्ली भेजा गया है। जो नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में भागीदारी देंगे। आज वे नई दिल्ली पहुंच गए हैं। उनके आने जाने का रेलवे का एसी का किराया तथा अन्य खर्च आयोग वहन करेगा। उन्होंने कहा कि पिछले साल भी संस्था के कारीगरों को आमंत्रित किया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर साल गणतंत्र दिवस पर कारीगर, बुनकर और कुटीर उद्योग से जुड़े लोगों को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित कर भेंट मुलाकात करते हैं।

## श्री रामदेव मंदिर माघ मेले में श्रद्धालुओं की अखंड परिक्रमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के संतोषी वार्ड भक्ति से सराबोर है। यहां श्री श्री बाबा रामदेव मंदिर में माघ मेला के साथ मंदिर स्थापना का रजत जयंती महोत्सव भी मनाया जा रहा है। माघ मेला में शनिवार को श्रद्धालुओं ने अखंड परिक्रमा की।

इसमें विभिन्न समाजों से महिला, पुरूष और बच्चे बाबा रामदेव के जयकारों के साथ मंदिर के गर्भग्रह की परिक्रमा लगाते रहे। परिक्रमा के दौरान श्रद्धालुओं के द्वारा बाबा के भजन भी गाते रहे, उसके बाद संध्या आरती की गई। वहीं अलग-अलग जिले एवं क्षेत्रों से



आए कलाकारों द्वारा श्री श्री बाबा रामदेव जी के भजनों की प्रस्तुति भी दी जा रही है। श्री श्री बाबा रामदेव मंदिर के प्रधान पुजारी भानु मिश्रा ने बताया कि भजन संध्या का मुख्य आकर्षण रायपुर से आए भजन गायक रोहित सोनी द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी।

## आवासों का 1.75 करोड़ बकाया, हाउसिंग बोर्ड में आवंटन रद्द करने की प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

हाऊसिंग बोर्ड के बस्तर जिले में 52 ऐसे हितग्राहियों पर नकेल कसने की तैयारी में है, जिन्होंने आवास किस्तों का 1.75 करोड़ से अधिक बकाया रखा है। लंबे समय से बकाया राशि न जमा करने पर इन 52 हितग्राहियों के आवास आवंटन को निरस्त करने की प्रक्रिया की जा रही है। बकाया राशि की वसूली के लिए विभाग सख्त रुख अपना रहा है। बकाया न चुकाने वाले हितग्राहियों के घरों का आबंटन रद्द किया जा सकता है। साथ ही भुगतान न करने पर नाम सार्वजनिक करने की चेतावनी दी है। हाउसिंग बोर्ड ने बकाया राशि एकमुश्त जमा करने पर ब्याज में 50 फीसदी की छूट देने का फैसला किया है। बताया जा रहा है कि बकायादार हितग्राहियों को कई बार बकाया के भुगतान के लिए नोटिस दिया गया पर हितग्राहियों ने नोटिस को अनदेखा किया गया है। साथ ही बोर्ड के कर्मचारी भी बकायादार हितग्राहियों के घर तक पहुंचे थे, फिर भी बकाया का भुगतान नहीं हो सका। इसलिए बोर्ड ने बकयादारों पर सख्ती करने की तैयारी कर दी है, जिसमें मकान को आबंटन निरस्त कर विक्रय किया जाएगा, जिससे बोर्ड को राजस्व मिल सके।



### ब्याज राशि में दे रही छूट

गृह निर्माण मंडल जगदलपुर संभाग के कार्यपालन अभियंता एमके सोम ने बताया कि मंडल द्वारा स्ववित्तीय, एकमुश्त, ऑफर, भाड़ाक्रय आधार पर (केवल निर्मित भवनों के लिए) आबंटित संपत्ति के विरूद्ध हितग्राहियों द्वारा संपूर्ण बकाया राशि एकमुश्त जमा करने पर विलंबित अवधि की ब्याज राशि में छूट प्रदान किया जा रहा है। आबंटियों द्वारा 31 मार्च तक संपूर्ण बकाया राशि एकमुश्त जमा करने पर मंडल नियमानुसार भारित किए गए विलंबित अवधि के ब्याज राशि में 50 प्रतिशत छूट दी जाएगी।

### छत और दीवारों के सीपेज से स्कूल के ढहने की आशंका, बच्चों की सेहत भी बिगड़ रही

## टूटी बाउंड्री वाल के कारण टैगोर स्कूल में बार-बार चोरी से प्रशासन है बेपरवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

माध्यमिक शाला केवरामुंडा जो रविन्द्रनाथ टैगोर के नाम से जाना जाता है। वहां सालों से समस्याओं का अंबार है। कई दफे संस्था प्रमुख ने शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारी को भवन और चार दीवारी के साथ साथ चोरी की घटनाओं की जानकारी दी है। बावजूद शाला की समस्या का निदान नहीं हो पा रहा है।

- उच्च अधिकारियों को बार बार पत्र लिखने के बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं

एक दिन पहले ही 10 मीटर केबल वायर चोरी होने की खबर है। बोधघाट थाने में सूचना के बाद जवान पहुंचे और देखकर चले गए।

पूर्व में भी केबल चोरी की घटना के सम्बन्ध में 11-7-2025 को भी सूचना दी गई। जमाल मिल में लगे सी.सी.टी.वी. कैमरे की जांच में चोर की जानकारी मिल सकती है।

चोर स्कूल का ताला भी कई बार तोड़ चुके हैं।

रविन्द्र नाथ टैगोर स्कूल का बाउंड्री वॉल टूटने से बार बार चोरियां हो रही है।





**थाने में चोरी की दी सूचना :** संस्था के प्रधानाध्यापक ने 23 जनवरी 2026 और पिछले 11 जुलाई 2025 को ट्यूबवेल बोर का केबल वायर चोरी की सूचना थाना प्रभारी बोधघाट को लिखित में दी है। जिसमें ताला कई बार टूटने का उल्लेख है जिसे सीसीटीवी फुटेज से जांच करने का अनुरोध किया गया है। बीईओ, डीईओ और शिक्षा मिशन के अधिकारी को भी सूचना दी जाती रही है।

**छत का प्लास्टर टूट कर गिर रहा :** पिछले 2 सितंबर 2024 को मिडिल स्कूल के प्रधानाध्यापक ने जिला शिक्षा अधिकारी को जर्जर स्कूल भवन की हालत को सुधारने पत्र लिखा था। जिसमें कहा गया था कि 1976 में निर्मित भवन अत्यंत जर्जर हो चुका है। छत का प्लास्टर टूट कर गिरने लगा है। वर्षाकाल में छत से पानी टपकता है ऐसे में बच्चों को अध्यापन कराना जोखिम भरा काम है। भवन को गिराकर नया भवन निर्माण की मंशा जाहिर की गई है।

### मरम्मत के लिए बीईओ को पत्र

पिछले 22 मई 2025 को हेडमास्टर ने बीईओ को पत्र लिखकर शौचालय, बाउंड्रीवाल और छत मरम्मत करवाने पत्र लिखा था। कालीबाड़ी स्कूल की तरफ जाने वाले मार्ग में स्कूल का बाउंड्रीवाल झुक गया है। जिसे तोड़कर नई दीवार बनाने की मांग की गई थी। बाद में दीवार ढह गई और ऐसे में चोरों के हौसले बुलंद है। वार्ड के जागरूक युवक मनीष सिसोदिया ने थाने में फोन कर चोरी की सूचना दी तब पुलिस पहुंची और चोरों को पकड़ने का आश्वासन देकर लौट गए।

# बालिका दिवस पर केशकाल पुलिस ने चलाया साइबर जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव।




पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा भा.पु.से. के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल तथा एसडीओपी केशकाल अरुण नेताम के मार्गदर्शन में थाना केशकाल द्वारा भारतीय बालिका दिवस के अवसर पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कस्तूरबा गांधी कन्या आश्रम, केशकाल में छात्रओं को साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया सुरक्षा, मोबाइल उपयोग में सावधानियाँ जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में छात्रओं को नवीन आपराधिक कानूनों, महिला एवं बालिका सुरक्षा से जुड़े प्रावधानों तथा अपराध होने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने की प्रक्रिया के बारे में भी जागरूक किया गया।

■ कस्तूरबा गांधी कन्या आश्रम की छात्रओं को दी गई सुरक्षा और कानून की जानकारी

**यातायात नियमों के पालन का भी दिया गया संदेश :** पुलिस अधिकारियों ने छात्रओं को यातायात नियमों का पालन, सड़क सुरक्षा और सुरक्षित आवागमन के महत्व की भी जानकारी दी। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख, छात्रवास अधीक्षिका, शिक्षक–शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्रएं उपस्थित रहीं। पुलिस टीम में मुख्य रूप से उप निरीक्षक गुलाब टंडन, प्रधान आरक्षक संजय बिसेन, महिला आरक्षक योगेश्वरी पांडे, आरक्षक सुकेत राय एवं अनिल कुलदीप शामिल रहे।

# विधायक टेकाम ने छात्राओं को किया निःशुल्क सायकिल का किया वितरण



**फरसगांव।** मुख्यमंत्री सरस्वती साइकिल योजना के तहत फरसगांव नगर में स्थित पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में शनिवार को स्कूल में अध्ययनरत 30 छात्राओं को केशकाल विधायक नीलकण्ठ टेकाम के हाथों निःशुल्क साइकिल वितरित किया गया। इस दौरान स्कूल में आयोजित खेल खुद प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को विधायक के हाथों स्मृति चिन्ह दिया गया।

इस अवसर पर विधायक नीलकण्ठ टेकाम ने कहा कि साइकिल से शिक्षा की राह आसान बनेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का उद्देश्य हर विद्यार्थी तक शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करना है। उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई कर नाम रोशन करने प्रोत्साहित किया। विधायक ने विद्यार्थियों को पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने प्रेरित किया। वही विधायक ने बच्चों को प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को भी सुनने की अपील की।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपाई प्रवीर सिंह बदेशा, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र, उपाध्यक्ष मूलचंद पांडे, फरसगांव भाजपा मण्डल अध्यक्ष धनराज पांडे, महामंत्री प्रवीण राव , उपाध्यक्ष प्रवीण पाण्डे, पार्षद संगीता राव, नरेंद्र गौर, राजकुमारी, सुमन जायसवाल, दीपेंद्र मसीह, कामेश्वर साहू, गणेश दुग्गा, स्कूल के प्राचार्य महावीर जायसवाल, शिक्षक-शिक्षिकायें सहित बच्चे मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### चिंगनार में लगा स्वास्थ्य शिविर, गर्भवती महिलाओं की हुई जांच



**फरसगांव -** कोंडागांव कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोंडागांव के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा शनिवार को फरसगांव ब्लाक के सुदूर अंचल ग्राम चिंगनार में गर्भवती माताओ के लिये लिये स्वास्थ्य परीक्षण हेतु शिविर का आयोजन किया गया । फरसगांव खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. ज्योर्तिमयी प्रभावती के द्वारा शिविर में उपस्तिथ गर्भवती माताओ का स्वास्थ्य जांच किया गया । डॉक्टर द्वारा उपस्तिथ महिलाओं की नियमित जांच की और आवश्यक परामर्श दिया। उन्होंने महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान होने वाली खून की कमी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही संतुलित आहार लेने, आयरन व फोलिक एसिड की गोलियों का नियमित सेवन करने और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी।

### पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में 'वन्दे मातरम महोत्सव' का भव्य आयोजन



**कोण्डागांव।** गृह मंत्रलय, भारत सरकार के निर्देशानुसार गणतंत्र दिवस के अवसर पर 19 से 26 जनवरी 2026 तक 'वन्दे मातरम् महोत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 24 जनवरी को 188 बटालियन सीआरपीएफ, कोण्डागांव द्वारा पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय, कोण्डागांव में वन्दे मातरम् महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति, त्याग एवं राष्ट्रीय एकता की भावना का पुनर्जागरण करना रहा। कमाण्डेंट भवेश चौधरी के मार्गदर्शन में वन्दे मातरम् राष्ट्रीय गीत का सामूहिक गायन किया गया। जिसमें विद्यालय के शिक्षक–शिक्षिकाएं, छात्र–छात्राएं तथा सीआरपीएफ के अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी एवं जवानों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। सामूहिक गायन से पूर्व अपने संबोधन में सहायक कमाण्डेंट ओ.पी. विष्णोई ने वन्दे मातरम् महोत्सव के उद्देश्य एवं ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा वन्दे मातरम् गीत की रचना 1876 में की गई थी, जिसे 1882 में उनके प्रसिद्ध उपन्यास 'आनंदमठ' में शामिल किया गया। यह गीत 28 दिसंबर 1896 को कांग्रेस के 12वें कोलकाता अधिवेशन में पहली बार सार्वजनिक रूप से गाया गया। सहायक कमाण्डेंट ने कहा कि वन्दे मातरम् केवल एक राष्ट्रीय गीत नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा है, जो मातृभूमि के प्रति प्रेम, त्याग एवं समर्पण की प्रेरणा देता है और हमें अपने कर्तव्यों के निर्वहन के लिए प्रेरित करता है।

कार्यक्रम में केन्द्रीय विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सचिदानंद तिवारी, शिक्षक साक्षी चंद्राकर, विनायक कोली सहित अन्य शिक्षक–शिक्षिकाएं, छात्र–छात्राएं तथा 188 बटालियन सीआरपीएफ के अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर देशभक्ति के वातावरण से ओतप्रोत रहा और सभी ने राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों के पालन का संकल्प लिया।

## जनप्रतिनिधियों ने सराहा समाज का योगदान, एकता का दिया संदेश

# धूमधाम से मनी माता परमेश्वरी जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव।

देवांगन समाज, जिला कोंडागांव द्वारा माता परमेश्वरी जयंती का आयोजन पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत समाज भवन में माता परमेश्वरी की पूजा–अर्चना से हुई। इसके बाद बन्धा तालाब चौपाटी मैदान से कलश यात्रा निकाली गई, जो माता के जयकारों के साथ नगर भ्रमण करते हुए आत्मानंद स्कूल मैदान, महात्मा गांधी वार्ड पहुंची।

शोभायात्रा के पश्चात आत्मानंद स्कूल मैदान में पुनः माता परमेश्विधिवत पूजा–अर्चना की गई। इसके बाद अतिथियों का स्वागत देवांगन समाज के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में बस्तर सांसद महेश कश्यप, कोंडागांव विधायक लता उसेंडी, पूर्व मंत्री मोहन मरकाम, नगरपालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी उपस्थित रहे। सांसद महेश कश्यप ने कहा कि देवांगन समाज का स्थानीय विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। विधायक लता उसेंडी ने समाजजनों को विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। पूर्व मंत्री मोहन मरकाम ने समाज को एकजुट रहकर सामाजिक उत्थान में योगदान देने की अपील की। नगरपालिका अध्यक्ष नरपति पटेल ने भी समाज की नगर विकास में भूमिका की सराहना की।



### जोन्दरपदर में हर्षोल्लास के साथ मना बसंतोत्सव

**कोण्डागांव।** कोंडागांव जिले अंतर्गत संचालित प्राथमिक शाला जोन्दरपदर में 23 जनवरी को बसंतोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ज्ञान की देवी माँ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गई। प्रधान पाठक मधु तिवारी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत



सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी उपस्थितजनों का मन मोह लिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत कविता पाठ, देशभक्ति गीत एवं रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के दौरान विद्यालय परिसर 'वंदे मातरम के नारों से गूंज उठा। वंदे मातरम् गीत की 1र्षगांठ के अवसर पर विद्यार्थियों ने सामूहिक गायन प्रस्तुत कर राष्ट्रीय भावना को सशक्त किया। पराक्रम दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस के व्यक्तित्व एवं उनके प्रसिद्ध नारों जय हिंद तथा तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा से परिचित कराया गया। कार्यक्रम के साथ ही पालक–शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन एवं सवांर्गीण विकास पर विस्तार से चर्चा की गई। शिक्षकों द्वारा पालकों से बच्चों की पढ़ाई में नियमित सहयोग एवं सकारात्मक सहभागिता करने का आग्रह किया गया।

**समाज अध्यक्ष ने सामूहिक विवाह और परिचय सम्मेलन पर दिया जोर :** देवांगन समाज के जिला अध्यक्ष सुरेश देवांगन ने समाज में भाईचारे की भावना को मजबूत करने पर बल देते हुए कहा कि समाज को युवा–युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन करना चाहिए, फिजूलखर्ची वाले विवाह से बचकर सामूहिक विवाह को बढ़ावा देना चाहिए, जिससे समाज आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत बने।

**वरिष्ठजन, भूतपूर्व सैनिक और प्रतिभावान छात्रों का सम्मान :** कार्यक्रम के दौरान समाज के वरिष्ठ नागरिकों, भूतपूर्व सैनिकों, प्रतिभावान छात्रा–छात्राओं, रक्तदाताओं एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजजनों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज में प्रेरणा और सेवा भावना को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। देवांगन समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि माता परमेश्वरी समाज की ईष्ट देवी हैं और यह आयोजन हर वर्ष बसंत पंचमी के अवसर पर किया जाता है। इसका उद्देश्य धार्मिक आस्था को मजबूत करना, सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजना, समाज में एकता, भाईचारा और जागरूकता का संदेश देना है। माता परमेश्वरी जयंती का यह आयोजन श्रद्धा, सामाजिक चेतना और विकास के संकल्प के साथ संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन एवं नगरवासी शामिल हुए।

# स्कूली बच्चों को यातायात एवं साइबर सुरक्षा की दी गई जानकारी




**कोण्डागांव/केशकाल।** पुलिस अधीक्षक जिला कोण्डागांव पंकज चन्द्रा भा.पु.से. के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल अरुण नेताम के मार्गदर्शन में थाना केशकाल द्वारा यातायात सप्ताह के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंघनपुर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक विकास बघेल द्वारा यातायात सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा थीम पर विद्यार्थियों को यातायात नियमों के पालन, सड़क पर सुरक्षित चलने, हेलमेट व सीट बेल्ट के महत्व तथा लापरवाही से होने वाली दुर्घटनाओं के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी गई।

■ यातायात सप्ताह के तहत थाना केशकाल की पहल

**साइबर अपराध से बचाव को लेकर विशेष जागरूकता :** कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, अज्ञात लिंक व कॉल से बचने तथा व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने के बारे में विस्तार से बताया गया। थाना केशकाल द्वारा लगातार चलाए जा रहे साइबर जागरूकता अभियान की भी जानकारी दी गई।

**विद्यालय परिवार की सक्रिय सहभागिता :** कार्यक्रम में विद्यालय के संस्था प्रमुख प्राचार्य राज बहादुर नेताम, शिक्षक–शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक विकास बघेल, प्रधान आरक्षक संजय बिसेन, महिला आरक्षक योगेश्वरी पांडे, आरक्षक सुकेत राय एवं अनिल कुलदीप उपस्थित रहे।

### महिला अपराध, नशामुक्ति एवं नवीन कानूनों पर जानकारी

इस अवसर पर नवीन आपराधिक कानून, महिला अपराध से संबंधित नियम, नशामुक्ति तथा समाज में जागरूकता की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला गया। बच्चों को सतर्क, सजग और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया।

# नेताजी का जीवन साहस और बलिदान का प्रतीक : प्राचार्य डॉ. सरला आत्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव।

शासकीय गुंडाधूर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोंडागांव में वंदे मातरम् की 150वीं जयंती एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के अवसर पर गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम् के सामूहिक एवं भावपूर्ण गायन से हुई, जिससे पूरा परिसर राष्ट्रभक्ति से गूंज उठा।

■ शासकीय गुंडाधूर पीजी कॉलेज में राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत रहा कार्यक्रम

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. सरला आत्रम ने नेताजी के पराक्रम, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति समर्पण को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि नेताजी का नारा तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूँगा आज भी युवाओं को कर्तव्य, त्याग और देशसेवा की प्रेरणा देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से नेताजी के आदर्शोंर् को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

**वंदे मातरम् के ऐतिहासिक महत्व पर डाला गया प्रकाश :** कार्यक्रम का संचालन वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष शशिभूषण कन्नौजे ने किया। उन्होंने वंदे मातरम् की रचना, उसके स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान और नेताजी के क्रांतिकारी नेतृत्व पर संक्षिप्त लेकिन प्रभावशाली वक्तव्य प्रस्तुत किया।

**महाविद्यालय परिवार की रही गरिमामयी सहभागिता :** इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, तकनीकी कर्मचारी एवं कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति, राष्ट्रीय चेतना और कर्तव्यनिष्ठा की भावना को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थितजनों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के आदर्शों पर चलने और देश सेवा के लिए समर्पित रहने का संकल्प लिया।



# नन्हे बच्चों ने मां सरस्वती की आराधना कर मांगा विद्या का आशीर्वाद

**कोण्डागांव।** सरगीपाल पारा स्थित प्राथमिक शाला सरगीपाल, कोंडागांव में सरस्वती पूजन दिवस श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजा–अर्चना की गई, जिसमें बच्चों ने पूरे उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के शिक्षकों शीतल गौतम, योगेश्वरी देवांगन एवं टिकेश्वर ध्रुव के मार्गदर्शन में किया गया। शिक्षकों ने बच्चों को सरस्वती माता के महत्व, शिक्षा के मूल्य और अनुशासन का संदेश दिया।

पूजन कार्यक्रम में छात्र–छात्रएं श्रुति सलाम, रहनुमा सिद्दकी, जोया खान, प्रिंसी बघेल, निधि बघेल, सिद्धी कोर्राम एवं रूली नेताम सहित अन्य बच्चों ने पुष्प अर्पित कर मां सरस्वती से विद्या, बुद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूरे विद्यालय परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। बच्चों के चेहरों पर उल्लास और श्रद्धा की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों में संस्कार, संस्कृति और शिक्षा के प्रति सम्मान की भावना को और मजबूत किया गया।

# प्रोजेक्ट उन्नति 2.0 के तहत ग्रापं जोबा में 30 दिवसीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण प्रारंभ

**कोण्डागांव।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रें में कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रोजेक्ट उन्नति 2.0 के अंतर्गत ग्राम पंचायत जोबा में 30 दिवसीय निःशुल्क राजमिस्त्री मेसन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, जगदलपुर द्वारा जिला कोंडागांव के विकासखंड कोंडागांव में आयोजित किया जा रहा है। शासन के निर्देशानुसार प्रारंभ इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य मनरेगा श्रमिकों एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के कौशल का उन्नयन कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। जिला पंचायत कोंडागांव के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई ने बताया कि प्रशिक्षण उपरांत हितग्राही न केवल अपने आवास का निर्माण स्वयं कर सकेंगे, बल्कि बाजार की मांग के अनुरूप कुशल राजमिस्त्री बनकर बेहतर आय अर्जित कर सकेंगे।

■ ग्रामीण कौशल विकास को मिलेगा नया आयाम



**प्रशिक्षण गुणवत्ता और उपस्थिति पर विशेष जोर :** सीईओ ने संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण की गुणवत्ता बनाए रखने तथा प्रशिक्षणार्थियों की शत–प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उन आवास हितग्राहियों को शामिल किया गया है, जिन्होंने मनरेगा के अंतर्गत 60 दिवस का कार्य पूर्ण कर लिया है। आरसेटी के विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को नींव निर्माण, दीवार जुड़ाई, प्लास्टर कार्य सहित अन्य आधुनिक निर्माण तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

**प्रमाण–पत्र के साथ होगा प्रशिक्षण का समापन :** 30 दिनों के इस सघन प्रशिक्षण के उपरांत प्रशिक्षणार्थियों को शासन द्वारा प्रमाण–पत्र प्रदान किया जाएगा। प्रोजेक्ट उन्नति 2.0 के तहत ग्राम पंचायत जोबा सहित आसपास के क्षेत्रें में ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। आरसेटी जगदलपुर के निदेशक ने बताया कि इस पहल से प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जिले में संचालित निर्माण कार्यों को गति मिलेगी तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

## मनरेगा बचाव संग्रामः कांग्रेस ने बाड़ागांव से शुरू किया जनसंपर्क अभियान

# कांग्रेस अंतिम गांव और व्यक्ति तक संघर्षरत : कमलेश

**विश्रामपुरी।** केंद्र में बैठी भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा कानून में किया जा रहे बदलाव को लेकर कांग्रेस आक्रामक नजर आ रही है। पिछले दिनों विश्रामपुरी के बस स्टैंड में राज्यसभा सांसद श्रीमती फूलों देवी नेताम की उपस्थिति में प्रेसवार्ता व एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया था।

वही अब कांग्रेस पार्टी जनसंपर्क के माध्यम से गांव-गांव तक पहुंच कर किसान मजदूर ग्रामीण से रूबरू होकर आंदोलन के बारे में विस्तार से बता रहे हैं, इसी क्रम में मंगलवार को बड़ेराजपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री कमलेश ठाकुर के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने बड़ागांव से पदयात्रा करते हुए विश्रामपुरी तक पहुंचकर जन-जन तक राहुल गांधी, मल्लिकाजुर्न खड़गे के संदेश कों पहुंचाया।

इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश ठाकुर ने जनता को संबोधित करते हुए कहा




कि भाजपा जनता के हितों को नजरअंदाज करते हुए कांग्रेस की यूपीए सरकार के दौरान मजदूरों के हित में बनाए गए मनरेगा कानून को खत्म करने जा रही है। कांग्रेस पार्टी इसका पुरजोर विरोध करती है। इसलिए हम गांव-गांव तक पहुंच कर केंद्र सरकार के जन विरोधी सोच को जनता तक पहुंचा रहे हैं। साप्ताहिक बाजार में जनता को पाम्पलेट बांट कर मनरेगा बंद होने से मजदूरों को होने जा रहे नुकसान के बारे में भी बता रहे हैं। कांग्रेस सरकार के समय मनरेगा कानून के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को सम्मानजनक रोजगार दिया गया, जिससे उनके परिवार का भरण पोषण संभव हुआ। आज केंद्र में बैठी भाजपा सरकार मनरेगा जैसी योजनाओं को कमजोर कर रही है। उन्होंने कहा कि 125 दिनों मे भुगतान की बात कर मजदूरों को भ्रमित किया जा रहा है, जबकि यहां व्यवस्था मजदूरों के हक पर सीधा प्रहार है और उनके पेट पर लात मारना जैसा है। कमलेश ठाकुर ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार की नीतियों के कारण आज मजदूर,किसान व गरीब प्रभावित है। उन्होंने आगे कहा कि इन तीन दिनों की पदयात्रा में विश्रामपुरी बाड़ागांव, लिहागांव व कोरगांव मण्डल मे नुक्कड़ सभा के माध्यम से जनता को संबोधित किया।

### ये रहे उपस्थित

इस पदयात्रा के दौरान हिरालाल नेताम, राधेलाल बघेल, मंडल अध्यक्ष छबिलाल वट्टी, बंशीलाल मंडावी, बालमुकुंद नागेश उपसरपंच कोसमी, रोशन ठाकुर, ग्रामीण रामायण सिंह मंडल अध्यक्ष, विनोद नाग, अर्जुन सिंह नेताम, शीतल नाग कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# शिल्पी तातीराम को कलाकृतियों से पुत्र-पुत्री ने दी श्रद्धांजलि

**कोण्डागांव।** विश्वविख्यात, सिद्धहस्त राज्य पुरस्कार विजेता लौह हस्तशिल्पी स्वर्गीय तातीराम विश्वकर्मा को उनके पुत्र–पुत्रियां पारंपरिक कलाकृतियों के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। कनिष्ठ पुत्र अनिल विश्वकर्मा पारंपरिक लौह हस्तशिल्प से तथा पुत्री हेमलता विश्वकर्मा परंपरागत लौकी हस्तशिल्प से अपने पिता के जीवन, संघर्ष और कला–यात्र को मूर्त रूप दे रही हैं।

लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे तातीराम विश्वकर्मा का दिसंबर 2025 में ग्राम किड़ईछेपड़ा में निधन हो गया था। वे कोंडागांव की पारंपरिक लौह हस्तशिल्प परंपरा के प्रमुख स्तंभ माने जाते थे। तातीराम विश्वकर्मा की प्रेरणा से धर्मपत्नी पुत्र–पुत्रियां पुत्रवधू नाती–पोते सभी पारंपरिक लौह एवं लौकी हस्तशिल्प में दक्ष बने। ज्येष्ठ पुत्र



सुनील विश्वकर्मा राज्य पुरस्कार विजेता हैं, जबकि कनिष्ठ पुत्र अनिल विश्वकर्मा जूनियर वर्ग में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता रह चुके हैं। परिवार के सभी सदस्य पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ ऐसी कलाकृतियां गढ़ रहे हैं, जो न केवल एक शिल्पगुरु को श्रद्धांजलि हैं, बल्कि कोंडागांव की पारंपरिक हस्तशिल्प विरासत को जीवित रखने का संकल्प भी हैं।

## खबर संक्षेप

### मुख्य समारोह में प्रभारी मंत्री केदार होंगे मुख्य अतिथि



**बीजापुर।** जिला मुख्यालय में 26 जनवरी को आयोजित होने वाले मुख्य गणतंत्र दिवस समारोह में छत्तीसगढ़ शासन के वन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में ध्वज फहराएंगे। कलेक्टर संबित मिश्रा ने बताया कि समारोह की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा आयोजन को भव्य और गरिमामय बनाने हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

### बसंत पंचमी पर मां सरस्वती की हुई पूजा-अर्चना



**गीदम।** ऋतुराज बसंत के आगमन पर गीदम में विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना बड़े धूमधाम से की गई। नगर के सभी शिक्षण संस्थाओं में सरस्वती पूजन का आयोजन किया गया। सुबह से ही छोटे-बड़े सभी लोग रंग-बिरंगे कपड़े पहनकर स्कूल की ओर जा रहे थे, जैसे ऋतुराज अपने पूरे शबाब पर हो। सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में भी विद्या की देवी मां सरस्वती का पूजन उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में ही कार्यक्रम आयोजित किया गया। सबसे पहले विधिविधान से पूजा-अर्चना कर मां से विद्या, बुद्धि और ज्ञान प्राप्त करने के लिए प्रार्थना की गई। 21 कुण्डीय हवन यज्ञ कर आहूति डाली गई। कार्यक्रम में शामिल हुए बच्चों ने भजन गाकर माहौल को भक्ति मय बना दिया। विद्यार्थियों ने माता को कॉपी, पुस्तक, पेन और पीले वस्त्र अर्पित कर माता से आशीर्वाद मांगा।

### सशिमं में बसंत पंचमी का पर्व धूमधाम से मना



**गीदम।** सरस्वती शिशु मंदिर दंतेवाड़ा मे बसंत पंचमी का पर्व बड़े ही धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर हवन पूजन किया गया और नन्हे विद्यार्थियों का विद्या आरम्भ संस्कार आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पालक बंधुओं ने भी सक्रिय रूप से अपना योगदान दिया। बसन्त पंचमी पर माँ सरस्वती की विशेष पूजा होती है। विद्यालय के प्राचार्य बलराम यादव ने बच्चों को बताया कि इस दिन माँ सरस्वती ने जन्म लिया था। माँ सरस्वती ज्ञान कला और संगीत की देवी मानी जाती है। बसंत ऋतु के आगमन से वातावरण में एक नई ऊर्जा का संचार होता है। कार्यक्रम के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

# गणतंत्र दिवस समारोह का हुआ फाइनल रिहर्सल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

- जवानों और स्कूली छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक मार्चपास्ट में लिया हिस्सा

जिला मुख्यालय के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खेल मैदान में 26 जनवरी को होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह की फाइनल रिहर्सल 24 जनवरी को हुई। जिसमें जवानों और स्कूली छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक मार्चपास्ट में भाग लिया। इस दौरान कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव और पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली और वहीं मार्चपास्ट प्रस्तुत करने वाले परेड कमांडरों से परिचय प्राप्त किया। इसके अलावा स्कूली छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों सहित छत्तीसगढ़ी गीत पर आधारित आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस दौरान कलेक्टर ने मुख्य समारोह हेतु की जा रही तैयारियों का भी जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिये। इस मौके अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर.के.बर्मन सहित जिला प्रशासन के अधिकारी, मीडिया प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं तथा शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे। गौरतलब है कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह नगर के हायर सेकेंडरी स्कूल के खेल मैदान में प्रातः 9 बजे से आयोजित होगा। इस मुख्य समारोह में स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी कार्य मंत्री गजेन्द्र यादव ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। मुख्य समारोह में आयोजित होने वाली गणतंत्र दिवस परेड में सीआरपीएफ, 9 वीं बटालियन, जिला पुलिस बल, जिला महिला पुलिस बल, नगर सैनिक, सीनियर एवं जूनियर डिवीजन एनसीसी,स्काउट व गाइड के दल आस्था विद्या मंदिर जावंगा की बैंड पार्टी के देशभक्ति धुनों पर कदम से कदम मिलाते हुए आकर्षक मार्च पास्ट का प्रदर्शन करंगे।





## पैदल यात्रा कर ग्रामीणों को दी गई योजनाओं की जानकारी

# उलनार से उठा ग्रामीण अधिकारों की रक्षा का संकल्प : लखेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड

भारत गांवों में बसता है महात्मा गांधी का यह कथन सिर्फ शब्द नहीं, बल्कि भारत की जमीनी सच्चाई है। इसी विचारधारा को आत्मसात करते हुए ग्राम पंचायत उलनार में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत आयोजन किया गया। जिसमें विधायक लखेश्वर बघेल के आगमन पर चार मंडलों के लोग बड़ी संख्या में एकत्रित हुए और कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप दिया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य चौक से हुई जहां से पैदल यात्रा निकालकर ग्रामीणों को मनरेगा योजना के महत्व, उसके अधिकारों और वर्तमान स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बस्तर ग्रामीण जिलाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष एवं समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर जयकारों के साथ कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। इस दौरान बकावंड ब्लॉक अध्यक्ष शिवराम बिसाई, जगमोहन बघेल, आयतु राम भारती, जानकी राम भारती, छविश्याम तिवारी, वीरेंद्र सेठिया, मोहन झाली, निर्मला कश्यप, मधुसूदन नेताम, पूरन कश्यप, हेमंत कश्यप, राजेश कुमार,ग प्तेश्वर, कमलु राम, दुर्जन पटेल, शंकर भारती, पुरसती कश्यप, रामसिंह कश्यप, संतराम एवं समस्त कार्यकर्ता व ग्रामवासी माता बहनें उपस्थित रहे।

- विधायक के नेतृत्व में चार मंडलों की रही भागीदारी



### मनरेगा ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़

इस अवसर पर विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण भारत की जीवनरेखा है। और यह सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि करोड़ों गरीब और ग्रामीण परिवारों के लिए रोजगार और सम्मान का संवैधानिक अधिकार है उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार योजनाबद्ध तरीके से मनरेगा को कमजोर करने की साजिश कर रही है, जिसे कांग्रेस किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने कहा बापू के देश में गरीबों और मजदूरों के साथ यह छल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मनरेगा को कमजोर करना ग्रामीण भारत को कमजोर करने के समान है।

### राम के नाम पर भ्रम फैलाने का आरोप

बस्तर ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सरकार भगवान राम के नाम पर जनता को भ्रमित कर रही है। उन्होंने कहा कि तथाकथित वीबी जी राम का पूरा नाम विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार आजीविका मिशन (ग्रामीण) है, लेकिन इसे जानबूझकर राम के नाम से प्रचारित कर लोगों को गुमराह किया जा रहा है। कांग्रेस नेता हेमराज बघेल ने कहा कि यदि मनरेगा में कोई कमी है तो उसे सुधारा जाना चाहिए, न कि योजना को ही समाप्त किया जाए मनरेगा मजदूरों के हित में बनी देश की सबसे प्रभावी योजना रही है और इसे खत्म करना गरीबों व ग्रामीण मजदूरों के साथ सीधा अन्याय है। कांग्रेस नेता मानसिंह कवासी ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के नाम और स्वरूप दोनों को बिगाड़ दिया है । उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारों ने इस योजना पर बुलडोजर चला दिया है, जबकि यही योजना देश के करोड़ों ग्रामीण परिवारों की रोजी-रोटी का सहारा है।

## एएमएनएस के सहयोग से बंगाली कैंप तालाब का होगा सौंदर्यीकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

किरंदुल नगर के बंगाली कैंप में स्थित तालाब के सौंदर्यीकरण की मांग नगर वासियों द्वारा लंबे समय से की जा रही थी। यह क्षेत्र का एकमात्र बड़ा सार्वजनिक तालाब है, जहां प्रतिवर्ष भगवान गणेश एवं मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाता है। इसके अलावा मुंडन संस्कार सहित अनेक सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम भी इसी तालाब परिसर में संपन्न होते हैं।

नगरवासियों की इस महत्वपूर्ण मांग को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह ने एएमएनएस के महाप्रबंधक राघवेलू एवं प्रोजेक्ट हेड कल्याण से मुलाकात कर तालाब के सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा की। चर्चा के उपरांत एएमएनएस प्रबंधन द्वारा बंगाली कैंप तालाब के सौंदर्यकरण कार्य हेतु सहमति प्रदान की गई। इसी क्रम में 23 जनवरी को विधायक चैतराम अटामी नगर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह, वार्ड पार्षद देवकी ठाकुर, ए.एम.एन.एस. के महाप्रबंधक, तेज प्रकाश सहित अन्य अधिकारियों ने तालाब स्थल का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तालाब के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ प्रकाश व्यवस्था एवं बैठने की सुविधा विकसित किए जाने की जानकारी दी गई।

निरीक्षण के उपरांत विधायक ने कहा कि बंगाली कैंप स्थित तालाब का सौंदर्यकरण कार्य प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि विधायक निधि से तालाब के समीप स्थित हनुमान मंदिर के पास बोरिंग की व्यवस्था की जाएगी, जिससे क्षेत्रवासियों को पेयजल सुविधा मिल सकेगी।

इस महत्वपूर्ण पहल पर वार्ड पार्षद देवकी ठाकुर ने विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष एवं एएम एनएस प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## मिनी स्टेडियम में हुआ फुल ड्रेस रिहर्सल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिले में गणतंत्र दिवस के गरिमामय आयोजन को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इसी क्रम में शनिवार को मुख्य समारोह स्थल मिनी स्टेडियम, बीजापुर में गणतंत्र दिवस का अंतिम रिहर्सल कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर संबित मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव की गरिमामयी उपस्थिति रही।

अंतिम रिहर्सल में सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम का आयोजन सुबह 9 बजे से 11 बजे तक किया गया। रिहर्सल के दौरान सीआरपीएफ, सशस्त्र बल, नगर सेना पुरुष एवं महिला, जिला बल पुरुष एवं महिला, एनसीसी, एनएसएस एवं स्काउट-गाइड की कुल 10 टुकड़ियों द्वारा परेड की सलामी दी गई।

रिहर्सल में मुख्य अतिथि के आगमन से लेकर ध्वज फहराने, परेड निरीक्षण, मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन, गुब्बारा विमोचन, हर्ष फायर, मार्च पास्ट, शहीद जवानों के परिजनों का सम्मान, परेड कमांडरों के साथ फोटो सेशन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, झांकी प्रदर्शन तथा पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र वितरण सहित समस्त गतिविधियों का सफल अभ्यास किया गया।

## क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ



**बस्तर।** डीडीएस जगदलपुर वैज्ञानिक-सी, वैज्ञानिक-बी, वरिष्ठ तकनीकी सहायक और तकनीशियन के उपस्थित में डीडीएस जगदलपुर ने किसानों के लिए गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करने के लिए सीएसबी के प्रति आभार व्यक्त किया। वैज्ञानिक-सी और वैज्ञानिक-बी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की सफलता के लिए सीएसबी-बीएसएमटीसी बस्तर और डिपार्टमेंट ऑफ सेरीकल्चर छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों के सहयोग के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। वैज्ञानिकों ने आशा व्यक्त की कि यह प्रशिक्षण प्रशिक्षुओं को तसर रेशम कीट पालन और ग्रेनेज गतिविधियों में मदद करेगा और तसर उत्पादन में सुधार करेगा। सीएसबी-बीएसएमटीसी बस्तर की टीम निदेशक सीएसबी-बीटीएसएसओ बिलासपुर और उनकी टीम के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करती है, साथ ही डिपार्टमेंट ऑफ सेरीकल्चर छत्तीसगढ़ के प्रति भी धन्यवाद ज्ञापित करती है।

## तुंगल बांध की नैसर्गिक सुंदरता के बीच सजी परीक्षा पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

सुकमा जिला प्रशासन ने शिक्षा और छात्रों के प्रोत्साहन की दिशा में एक अभिनव पहल करते हुए तुंगल बांध के रमणीय वातावरण में परीक्षा पर विशेष चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया। चारदीवारी से दूर प्रकृति की गोद में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य कक्षा 10वीं और 12वीं की छमाही परीक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले मेधावी विद्यार्थियों को मानसिक रूप से सशक्त बनाना और आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर कलेक्टर अमित कुमार ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें जीवन और परीक्षा में सफलता के गुर सिखाए। कार्यक्रम की शुरुआत बेहद उत्साहजनक रही, जहाँ विद्यार्थियों ने तुंगल बांध की प्राकृतिक छटा के बीच नौका विहार का आनंद लिया और कलेक्टर अमित कुमार के साथ सामूहिक भोज में हिस्सा लिया। इस अनौपचारिक और आत्मीय माहौल ने विद्यार्थियों की झिझक को दूर कर दिया, जिससे उन्होंने पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने विचार और जिज्ञासाएं साझा कीं। संवाद के दौरान कलेक्टर अमित कुमार ने छात्रों को मूल मंत्र देते हुए कहा कि शिक्षा की नींव जितनी मजबूत होगी, भविष्य में उतनी ही ऊँची छलांग लगाने के अवसर मिलेंगे।



## खेल युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

गीदम विकासखंड के ग्राम पंचायत कारली में 11 दिवसीय कारली प्रिमियर लीग सीजन–2 क्रिकेट प्रतियोगिता का उत्साहपूर्ण और गरिमामय समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र की 22 टीमों ने सहभागिता कर खेल भावना, अनुशासन और प्रतिभा का शानदार परिचय दिया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला कारली बनाम पूरनतराई टीम के बीच खेला गया, जिसमें रोमांच से भरपूर मैच में कारली की टीम ने विजेता बनने का गौरव हासिल किया, जबकि पूरनतराई टीम उपविजेता रही। इस प्रतियोगिता के समापन समारोह की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा रहीं। अपने उद्बोधन में सुलोचना कर्मा ने सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान कर उनका सम्मान किया, जिससे खिलाड़ियों में नया जोश और आत्मविश्वास देखने को मिला। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि गीदम ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अनिल कर्मा, मंगल यादव, जनपद सदस्य गीता यादव, सरपंच सावित्री कश्यप सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी, खेल प्रेमी एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय शिक्षण उत्सव में मॉर्निंग असेंबली पर पैनल चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा




जिला प्रशासन एवं ओपन लिंक फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय शिक्षण उत्सव का आयोजन बिनाका हेरिटेज जगदलपुर में किया गया। जिसका उद्देश्य जिले के उत्कृष्ट शिक्षकों, संकुल समन्वयकों, शिक्षा अधिकारियों के योगदान को सम्मानित करना रहा ।

कार्यक्रम के दौरान मॉर्निंग असेंबली विषय पर पैनल चर्चा में मंच पर उपस्थित जिला शिक्षा अधिकारी बी आर बघेल ने बताया कि बच्चों से मातृभाषा में चर्चा करने से बच्चे सहज महसूस करते है और एनईपी 2020 में प्रकाश डालते हुए शिक्षकों को स्थानीय बोली, भाषा सीखने को महत्वपूर्ण बताया।

खंड शिक्षा अधिकारी ब्लॉक बस्तर भारती देवांगन ने बताया कि इसमें एसएमसी व समुदाय की भूमिका को भी शामिल कर प्रार्थना सभा को और रोचक बनाया जा सकता है। संकुल समन्वयक अमित अवस्थी ने प्रार्थना सभा से बच्चों को मिलने वाले सकारात्मकता, संचार कौशल, अनुशासन पर प्रकाश डाले। शिक्षक डोमेंद्र कुमार गंगबेर ने बताया कि प्रार्थना सभा में दैनिक जीवन की पुरानी वस्तुओं जो कि विलुप्त के कगार पर है के बारे में बच्चों को जानकारी देकर उनकी संस्कृति से जोड़ा जा सकता है।

## वन्देमातरम गीत को अमल में लाने जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

241 बस्तरिया बटालियन सीआरपीएफ सेड़वा द्वारा वन्देमातरम राष्ट्रीय गीत को अमल में लाने हेतु जागरूकता अभियान निकाला। महानिदेशालय केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के निर्देशानुसार गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर 19 से 26 जनवरी तक वन्देमातरम राष्ट्रीय गीत को अमल मे लाने हेतु जागरूकता अभियान के माध्यम से जवानों, आम नागरिकों एवं बच्चों में राष्ट्रीय प्रेम की भावना को प्रेरित किया गया। इसी परिप्रेक्ष्य में 241 बस्तरिया बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारियों एवं जवानों द्वारा शुक्रवार को वन्देमातरम गीत को जवानों, अधिकारियों एवं स्कूली बच्चों के साथ गाकर मनाया गया। इस अवसर पर वंदे मातरम को आत्मनिर्भर और विकसित भारत के संकल्प का मूल मंत्र एवं इस उत्सव का उद्देश्य स्वतंत्रता आंदोलन के प्रमुख प्रतीक के माध्यम से राष्ट्रीय गौरव एवं एकता को सुदृढ़ करना है। भारत सरकार ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के रचे जाने के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 7 नवंबर 2025 से 7 नवंबर 2026 तक राष्ट्रव्यापी समारोह की शुरुआत की है, इस अवसर पर हरविंदर सिंह कमांडेंट 241 बटालियन द्वारा सभी जवानों अधीनस्थ अधिकारियों राजपत्रित अधिकारियों एवं स्कूल के बच्चों को संबोधित करते कहा की वन्देमातरम केवल एक गीत नहीं बल्कि राष्ट्र की आत्मा और गौरव का प्रतीक हैं। बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा 7 नवंबर 1875 को रचित यह राष्ट्रगीत आज भी प्रत्येक भारतीय को गर्व और प्रेरणा से भर देता है। राष्ट्रगीत के बारे में जानकारी दी गई एवं बच्चों को मिठाई वितरित की गई। इसलिए अवसर पर संजय कुमार द्वितीय कमान अधिकारी निरंजन कुमार निराला, उप कमांडेंट विनोद कुमार शर्मा, सहायक कमांडेंट उपस्थित रहें।



## भाजपा पदाधिकारियों ने नेताजी को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

सांस्कृतिक भवन के समीप स्थित मां भारती के अमर वीर सपूत और आजाद हिंद फौज के संस्थापक व स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर भाजपा पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। उनका अदम्य साहस, देशभक्ति और तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूँगा का उद्घोष आज भी हर भारतीय के हृदय में राष्ट्रप्रेम की ज्योति प्रज्वलित करता है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता व भाजयुमो जिलाध्यक्ष राहुल असरानी ने सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष नवीन विश्वकर्मा, अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष ओम सोनी, पूर्व महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ममता गुप्ता, विशाल जैन, मंडल महामंत्री अजय अवस्थी, भाजयुमो जिला महामंत्री कृष्णकांत शिवहरे, राजेश गुप्ता, पार्षद अवधेश गुप्ता, खिलावन सागर, कृष्णा नाग, शैलेंद्र सिंह, गौरव भवानी, रणजीत नाग, निलंदु अधिकारी एवं कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।








**न्यायालय तहसीलदार बस्तर जिला बस्तर (छ.ग.)**

**-:: उद्घोषणा ::-**

रा.प्र.क्र./ क / ब-121/ 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका भागरती बघेल पिता/पति फगनु बघेल जाति भतरा निवास ग्राम रेटावण्ड द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि उसके स्वयं भागरती बघेल पिता/पति फगनु बघेल की माता/पिता बालमती जन्म दिनांक 13.10.1991 को ग्राम रेटावण्ड में होना बताते हुए जन्म होने से जन्म प्रमाण पत्र की मांग किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ महिला/ संस्था को आवेदन पत्र के संबंध में आपत्ति पेश करना हो तो वे नियत तिथि 28.01.2026 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया।

मुहर — तहसीलदार बस्तर

## खबर संक्षेप

### रेलवे कॉलोनी हनुमान मंदिर में लक्ष्मी-नारायण व नंदी देव की स्थापना



**जगदलपुर।** बसंत पंचमी के पावन अवसर पर शुक्रवार को रेलवे कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर परिसर पूरी तरह भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के अंतर्गत मां लक्ष्मी-नारायण भगवान एवं नंदी देवता की प्रतिमाओं की वैदिक विधि-विधान से प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। इस अवसर पर मंदिर परिसर में मंत्रोच्चार, हवन और पूजन के साथ आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। 21 जनवरी को विशेष पूजन के साथ प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की शुरुआत हुई और प्रतिमाओं का जलाधिवास कराया गया। 23 जनवरी को बसंत पंचमी पर अन्नाधिवास एवं फलाधिवास की विधि पूर्ण की गई। इसके पश्चात मां सरस्वती की पूजा, सुंदरकांड पाठ तथा भंडारा-प्रसाद वितरण का आयोजन हुआ।

### 80वीं बटालियन में देशभक्ति का उत्सव



**जगदलपुर।** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 80वीं बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा 23 जनवरी को वाहिनी मुख्यालय में भव्य गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों की सहभागिता रही। कमांडेंट जितेंद्र सिंह एवं अन्य अधिकारी एवं जवान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सामूहिक वंदे मातरम् गायन के साथ-साथ चित्रकला प्रतियोगिता एवं राष्ट्रीय चेतना अभियान ने पूरे परिसर को देशभक्ति के भाव से सराबोर कर दिया। चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों ने स्वतंत्रता, मातृभूमि और राष्ट्रीय गौरव को रंगों में साकार किया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए।

### मावलीभाटा में मनाई गई नेताजी जयंती



**जगदलपुर।** ग्राम मावलीभाटा के बंगाली समाज के अस्थाई प्रदेश कार्यालय में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। संध्या 6 बजे से 7 बजे तक हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लिब्रू बघेल, विशिष्ट अतिथि सोमारू कश्यप प्राचार्य आत्मानंद स्कूल, सरपंच बल्लू दादा, छत्तीसगढ़ बंगाली समाज के उपाध्यक्ष परितोष मंडल, पूर्व जनपद सदस्य शुक्ल मांडवी और ग्रामीणों की उपस्थिति में नेताजी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन छत्तीसगढ़ बंगाली समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्रीनिवास पाल ने किया।

## गणतंत्र दिवस समारोह की अंतिम रिहर्सल...







**जगदलपुर।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर लालबाग में ध्वजारोहण करेंगे। तैयारियों का अंतिम रिहर्सल शनिवार को किया गया। इस दौरान कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस समारोह के गरिमामयी आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारी एवं व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस वर्ष परेड की कमान डीएसपी प्रवीण भारती कर रहे हैं, जो परेड में शामिल 14 प्लाटून को कमांड करते हुए मार्चपास्ट करेंगे। गणतंत्र दिवस समारोह में स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दिया जाएगा और विभिन्न विभागों के झांकी का प्रदर्शन किया जाएगा।

### एसडीएम करेंगे प्रति सप्ताह दो स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र, राशन दुकान, छात्रावास और स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण

# नवपदस्थ कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा अपने कार्य में करें बेहतर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर जिले की कमान संभालते ही नवपदस्थ कलेक्टर आकाश छिकारा ने प्रशासनिक अमले में नई ऊर्जा भरने और कार्यप्रणाली में बदलाव लाने जिले के अधिकारियों के साथ अपनी पहली परिचयात्मक बैठक में स्पष्ट संदेश दिया कि अपने

- अधिकारी ऐसा कार्य करें जो लंबे समय तक बना रहे

कार्यों में गुणवत्ता और बेहतर प्रदर्शन करें। कलेक्टर ने अधिकारियों को टीम भावना के साथ जिले के समग्र विकास के लिए प्रेरित करते कहा कि बस्तर अन्य जिलों की तुलना में एक बेहतरीन और संभावनाओं वाला जिला है। यहां सेवा करने का जो अवसर और जिम्मेदारी मिली है, उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाएं। उन्होंने जोर देकर कहा कि अधिकारी ऐसा कार्य करें जो लंबे समय तक बना रहे और एक मिसाल कायम करे। उनका मानना है कि जब अधिकारी अपने विभाग की बुनियादी समस्याओं को जड़ से दूर करते हैं, तो इससे न केवल प्रशासन सुदृढ़ होता है, बल्कि अधिकारी की स्वयं की छवि भी निखरती है। मैदानी स्तर पर प्रशासन की पकड़ मजबूत बनाने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर ने एक निरीक्षण रोस्टर लागू करने पर बल दिया। साथ ही हरेक ग्राम पंचायत के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाने कहा। उन्होंने सभी अनुविभागीय दंडाधिकारियों को निर्देश दिए कि अब प्रत्येक एसडीएम को अनिवार्य रूप से प्रति सप्ताह दो-दो स्कूल, आंगनवाड़ी केंद्र, सार्वजनिक उचित मूल्य की दुकान, छात्रावास और स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण करना होगा। इसके अतिरिक्त सभी अधिकारियों को भ्रमण एवं विकास कार्यों के मॉनिटरिंग के लिए भी एक विशेष दिन निर्धारित करने को कहा गया है।

कलेक्टर ने बैठक में गणतंत्र दिवस समारोह, दलपत सागर दीपोत्सव और बस्तर पण्डुम के आयोजन पर चर्चा करते तैयारी पर ध्यान केंद्रीत करने के निर्देश दिए। वहीं विभागीय समीक्षा बैठकों में उन्होंने पूरी अद्यतन जानकारी और तैयारी के साथ उपस्थिति सुनिश्चित किए जाने कहा। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, ऋषिकेश तिवारी और प्रवीण वर्मा, सहायक कलेक्टर विपिन दुबे सहित जिले के तमाम वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## रेल, हवाई और कर राहत के बिना बस्तर का विकास अधूरा : सोमानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

केंद्रीय बजट से पहले बस्तर के विकास को राष्ट्रीय प्राथमिकता में लाने की पहल करते हुए बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष श्याम सोमानी ने

- बचेका अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को भेजा पत्र

प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर रेल, हवाई सेवा, सड़क कनेक्टिविटी और कर राहत से जुड़ी बहुप्रतीक्षित मांगों की ओर ध्यान आकृष्ट किया है। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि बस्तर रेलवे को हर वर्ष केवल लौह अयस्क परिवहन से लगभग एक लाख करोड़ रुपये का मालभाड़ा राजस्व देता है,इसके बावजूद आज़ादी के 75 वर्षों बाद भी यात्री रेल सुविधाओं के मामले में बस्तर उपेक्षित बना हुआ है।

पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि रेल मंत्रालय का अधिकतर फोकस पड़ोसी राज्य ओड़िसा पर केंद्रित रहा है, जहां बीते दस वर्षों में कई नई रेल परियोजनाएं,रेल लाइनें और यात्री गाड़ियों की सौगात दी गई,जबकि बस्तर में दल्ली राजहरा–जगदलपुर जैसी बहुप्रतीक्षित रेल लाइन आज भी अधर में लटकी हुई है। प्रस्तावित नई रेल लाइनों- धमतरी से अमरावती (कोंडागांव), बचेली से बीजापुर होकर सूरजपुर (महाराष्ट्र), किरन्दुल से भद्राचलम,



किरन्दुल से मनुगुरु तथा दंतेवाड़ा-सुकमा-मलकानगिरी-पर भी ठोस पहल न होने पर चिंता जताई गई है।

पत्र में यह भी रेखांकित किया गया है कि नक्सलवाद के प्रभाव में लंबे समय तक पिछड़े रहे बस्तर को अब केंद्र सरकार द्वारा नक्सलमुक्त क्षेत्र बनाने की दिशा में निर्णायक कदम उठाए जा रहे हैं। ऐसे में आने वाला समय निवेश और औद्योगिक विकास के लिए निर्णायक हो सकता है,बशर्ते बस्तर को आधारभूत ढांचे और कर प्रोत्साहन का वास्तविक लाभ मिले।

पत्र के माध्यम से प्रधानमंत्री से अपील की गई है कि बस्तर को कर-मुक्त प्रोत्साहन,मजबूत परिवहन नेटवर्क और समान कर ऑडिट व्यवस्था देकर मुख्यधारा के विकास से जोड़ा जाए, ताकि आदिवासी बहुल इस अंचल में रोजगार,उद्योग और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिल सके। इस संबंध में बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष श्याम सोमानी ने पत्र भेजा है।

## मिलन संघ में नेताजी जयंती व सरस्वती पूजा की धूम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आड़ावाल ओरना कालोनी स्थित मिलन संघ परिसर शुक्रवार को नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की 119वीं जयंती और सरस्वती पूजा पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। प्रातःकाल से ही युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। संघ पदाधिकारियों, ग्रामीणों, स्कूली बच्चों और महिलाओं ने एकजुट होकर भव्य प्रभात फेरी निकाली। जय हिन्द,वंदे मातरम् और नेताजी अमर रहें जैसे गगनभेदी नारों से वातावरण देशभक्ति से ओत-प्रोत हो उठा।

वक्ताओं ने कहा कि नेताजी ने देश के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा जैसे उच्च पद का त्याग कर स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी। उनका सपना एक सशक्त, आत्मनिर्भर और युवा-नेतृत्व वाला भारत था, जिसे आज की पीढ़ी को साकार करना होगा।

दिनभर चले कार्यक्रमों में बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनके पश्चात प्रतिभागियों को पुरस्कार और मिष्ठान वितरण किया गया। इसके बाद विधिविधान से मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर विद्या और बुद्धि की कामना की गई। कार्यक्रम में वक्ताओं व अतिथियों के रूप में सुब्रतो विश्वास, जनपद अध्यक्ष पदलाम नाग और सरपंच जयंती कश्यप उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में मिलन संघ युवा समिति के अध्यक्ष तन्मय चक्रवर्ती,सचिव आलोक जाना, उपाध्यक्ष मनीष हावलादार, श्रेयांस विश्वास, प्रतीक ओझा,कोषाध्यक्ष पियूष घोष सहित नीतिश सरकार, अंश राजवंशी, अर्पित कर्मकार, अनिकेत राजवंशी, विवेक जाना, मनोज बनिक, वंश बारोई और अन्य युवाओं का सराहनीय योगदान रहा।

## बसंत पंचमी पर विश्वविद्यालय परिसर में गूंजी ज्ञान की आराधना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बसंत पंचमी पर शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में श्रद्धा, उल्लास और सांस्कृतिक चेतना से ओत-प्रोत वातावरण देखने को मिला। विद्या, बुद्धि और सृजनशीलता की अधिष्ठात्री माँ सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ विश्वविद्यालय परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा। शैक्षणिक समुदाय ने इस पर्व को ज्ञान, अनुशासन और सकारात्मक सोच के प्रतीक के रूप में आत्मसात किया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। बसंत पंचमी को शिक्षा,कला और नैतिक मूल्यों के संवर्धन का पर्व बताते हुए निरंतर अध्ययन, अनुशासन और जीवन में उच्च आदर्शों को अपनाने का संदेश दिया गया। पूजा-अर्चना के माध्यम से ज्ञान के प्रकाश को जीवन में आत्मसात करने की सामूहिक कामना की गई। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक वातावरण में एकता, समर्पण और सांस्कृतिक चेतना का सशक्त संदेश उभरकर सामने आया।

कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव, कुलसचिव डॉ राजेश लालवानी, प्रोफेसर शरद नेमा, डॉ संजय कुमार डोंगरे, केआर ठाकुर, डॉ तूलिका शर्मा सहित विश्वविद्यालय के पदाधिकारी, सदस्यगण, प्रशिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। बसंत पंचमी केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि ज्ञान, विवेक और सृजनशीलता के नवसंचार का अवसर है।

## न्यायालय परिसर में बसंत पंचमी पर मां सरस्वती की पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर के ग्रंथालय कक्ष में बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती की पूजा अर्चना न्यायाधीश गणों एवं अधिवक्ताओं के द्वारा विधि विधान के साथ की गई। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां सरस्वती की पूजा, हवन

- साहित्य व समाजसेवा क्षेत्र से जुड़े अधिवक्ताओं का हुआ सम्मान

एवं आरती प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गोविंद नारायण जांगड़े ने किया। पुरोहितों के वैदिक मंत्रोच्चार एवं स्तुति से सारा वातावरण गुंजायमान हुआ। इस आयोजन में सभी न्यायालय के न्यायाधीश सम्मिलित हुए। सभी को खिचड़ी प्रसाद वितरण किए जाने के साथ एक पेन भी प्रदान किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता बीके मिश्रा कि माता विद्यादेवी की स्मृति में साहित्य क्षेत्र में योगदान देने वाले अधिवक्ताओं का सम्मान श्रीफल और शॉल प्रदान कर किया गया। इनमें हास्य कवि अधिवक्ता सुभाष पांडे, पत्रकारिता से डॉ सतीश जैन, कवि अवध किशोर शर्मा, आधुनिक कवि डी सूर्य प्रकाश राव और सामाजिक क्षेत्र से वीरेंद्र बहोते को सम्मानित किया गया।

### बड़े मोरठपाल स्कूल में मनाई गई बसंत पंचमी व पराक्रम दिवस



**जगदलपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़े मोरठपाल में बसंत पंचमी और नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती 'पराक्रम दिवस' के अवसर पर शिक्षाप्रद और सांस्कृतिक वातावरण में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में माँ सरस्वती की आराधना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसके बाद नेताजी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आयोजन ने विद्यार्थियों में ज्ञान, संस्कार और राष्ट्रभक्ति के भाव को सशक्त रूप से उभारा। नेताजी के विचारों और बलिदान को समर्पित नारों व प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने साहस, त्याग और आत्मबल का संदेश दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने पराक्रम दिवस के महत्व को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। आनंद मेले में बस्तर अंचल के पारंपरिक व्यंजनों के स्टॉल विद्यार्थियों द्वारा संचालित किए गए। साथ ही खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल और जलेबी दौड़ जैसी प्रतियोगिताओं में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। आयोजन में ग्रामवासी, अभिभावक और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर आनंद मेला व खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। प्राचार्य शबाना अली और मुख्य अतिथि बैदूराम राम कश्यप मौजूद रहे।

## जनप्रतिनिधि आयोजनों में व्यस्त अपराधी अपराध करने में हैं मस्त : मौर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिला कांग्रेस के शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने दंतेश्वरी मंदिर में हुई चोरी को लेकर हमला करते हुए कहा कि आराध्य देवी माई दंतेश्वरी भी सुरक्षित नहीं है। अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि वे इस महा पाप को करने से भी नहीं घबरा रहे हैं । जिसके जिम्मेदार शासन और प्रशासन है। मूल कर्तव्यों से दूर रहने से अपराधी ऐसे अपराधों को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने कहा पिछले वर्ष दशहरा में मुरिया दरबार के दौरान हत्या हुई। उस दौरान देश के गृहमंत्री उपस्थित थे और कार्यक्रम स्थल से केवल 200 मीटर की दूरी पर एक युवक की जघन्य हत्या हो जाती है । और अब उपमुख्यमंत्री ध्वजारोहण के लिए पहुंच रहे हैं और उनके आने से पहले माई दंतेश्वरी मंदिर में चोरी की बड़ी वारदात का होना दर्शाता है कि



- कांग्रेस ने कहा कानून का खौफ पूरी तरह समाप्त

अपराधी अपराध करने में मस्त हैं और शासन प्रशासन और जनप्रतिनिधि आयोजन में व्यस्त हैं। मौर्य ने शासन प्रशासन और टेंपल कमेटी पर आरोप लगाते हुए कहा कि मंदिर के मुख्य पुजारी के द्वारा बार-बार मंदिर के दरवाजे कमजोर होने और उन्हें बदलने की मांग की गई थी। प्रशासन और टेंपल कमेटी ने इसे गंभीरता से नहीं लिया जिसका परिणाम आज सबके सामने है। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगले 48 घंटे में यदि अपराधी कानून की गिरफ्त में नहीं आते हैं तो कांग्रेस उग्र प्रदर्शन करेगी।

## संगठन के द्विपक्षीय वार्ता से समस्याओं व मांगों का करें निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कार्यालयीन कर्मचारी संघ ने हॉल ही में कंपनी के कार्यपालक निदेशक टीके मेश्राम को 17 सूत्रीय मांगों पर ज्ञापन दिया। ज्ञापन में संघ के अध्यक्ष गगन राज

- कार्यालयीन कर्मचारी संघ ने 17 सूत्रीय मांगों पर ईडी को दिया ज्ञापन

हिरवानी ने बताया कि बस्तर संभाग जगदलपुर क्षेत्र में कार्यरत कार्मिकों के लिए समर्पित संघ द्वारा विगत माह नवम्बर-2025 को कल्याण केन्द्र जगदलपुर में संघ की कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई थी। कार्यकारिणी सदस्यों के समक्ष क्षेत्र के केन्द्रीय समस्याओं, मांगों के साथ-साथ स्थानीय समस्याओं एवं मांगो को कार्यकारिणी की समक्ष रखा गया। संगठन द्विपक्षीय वार्ता के माध्यम से समस्याओं एवं मांगो के निराकरण हेतु आपका बहुमूल्य समय चाहती है ताकि कर्मचारियों एवं प्रबंधन के मध्य आपसी सामंजस्य एवं सौहार्दपूर्ण माहौल सदैव बना रहे। कंपनी द्वारा नवीन वितरण केन्द्र उपसंभाग तो सृजित कर दिए है पर उन कार्यालय में मूलभूत सुविधाओं का पूर्णतः अभाव है। कार्यालय भवन, कार्यालयीन सामाग्रियां जैसे टेबल, कुर्सियां, आलमारी, कम्प्यूटर, प्रिटर्स, उचित पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं है। रिक्त पदों पर भर्ती हेतु उच्च कार्यालय से पत्राचार कर अविलंब भर्ती किए जाने हेतु पहल किया जाए। प्रत्येक वितरण केन्द्रों में बाह्यस्त्रोत के माध्यम से भृत्य नियोजित किए जाने की स्वीकृति प्रदान किया जाए।

